संख्या-302/2470आ.न.यो./9-8-14-2आ.न.यो(बजट)/2013

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह,
उप सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

अधिशासी अधिकारी,
(1) नगर पंचायत-ओरन, जनपद-बांदा।
(2) नगर पंचायत-एलम, जनपद-शामली।
(3) नगर पंचायत-हर्रैया, जनपद-बस्ती।
(4) नगर पंचायत-एरच, जनपद-झांसी।
(5) नगर पंचायत-नई बाजार, जनपद-संतरविदासनगर।
(6) नगर पंचायत-सैदपुर, जंगीपुर, जनपद-गाजीपुर।
(7) नगर पंचायत-रसूलाबाद, जनपद-कानपुर देहात।

नगर विकास अनुभाग-8 लखनऊः दिनांक 31 अक्टूबर, 2014

विषयः- वित्तीय वर्ष 2014-15 में आदर्श नगर योजना के अन्तर्गत विभिन्न नगर पंचायतों को पूर्व में अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निर्गत की गयी वित्तीय स्वीकृतियों के सापेक्ष चालू कार्यो हेतु अवशेष धनराशि की स्वीकृति दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 के अन्तर्गत विभिन्न नगर पंचायतों को अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु आदर्श नगर योजनान्तर्गत विभिन्न शासनादेशों द्वारा सम्बन्धित नगर पंचायतों के द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजनाओं के आधार पर, सम्बन्धित कार्यो हेतु वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए, उसके सापेक्ष 50 प्रतिशत की धनराशि पूर्व में स्वीकृत की गयी थी, जिसके सापेक्ष सम्बन्धित नगर पंचायतों द्वारा आदर्श नगर योजना के अन्तर्गत पूर्व में स्वीकृत उक्त 50 प्रतिशत धनराशि का उपयोग करते हुए अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है। अतः आदर्श नगर योजना में वित्तीय वर्ष 2013-14 में जारी किये गये विभिन्न शासनादेशों में निहित व्यवस्था के अन्तर्गत निम्न नगर पंचायतों को उनके नाम के सम्मुख अंकित अवशेष धनराशि चालू कार्यो हेतु अवमुक्त करते हुए, कुल धनराशि रूपये 154.00 लाख (**रूपये एक करोड़ चौवन लाख मात्र**) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्रमांक	निकाय/जनपद का नाम	शासनादेश संख्या एवं दिनांक	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि	पूर्व में निर्गत वित्तीय स्वीकृति की धनराशि	निर्गत की जाने वाली अवशेष धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	न.पं.ओरन, जनपद-बांदा	58/139आ.न.यो./9-8-14-7आ.न.यो.(बजट)/14 दिनांक 24.2.2014	20.00	10.00	10.00
2	न.पं. एलम, जनपद-शामली	61/186आ.न.यो./9-8-2014-9आ.न.यो(बजट)/2014 दिनांक 26.2.2014	40.00	20.00	20.00

http://shasanadesh.up.nic.in

3	न.पं. हर्रैया, जनपद-बस्ती	74/252आ.न.यो./9-8-14-12आ.न.यो.(बजट)/14 दिनांक 04.3.2014	33.00	16.50	16.50
4	न.पं. एरच, जनपद-झांसी	74/252आ.न.यो./9-8-14-12आ.न.यो.(बजट)/14 दिनांक 04.3.2014	30.00	15.00	15.00
5	न.पं. नई बाजार, जनपद-संतरविदासनगर	24/29आ.न.यो./9-8-14-01आ.न.यो.(बजट)/14 दिनांक 28.01.2014	50.00	25.00	25.00
6	न.पं. सैदपुर, जनपद-गाजीपुर	5/1473आ.न.यो./9-8-13-4आ.न.यो.(बजट)/13 दिनांक 09.1.2014	75.00	37.50	37.50
7	न.पं. जंगीपुर, जनपद-गाजीपुर	56/236आ.न.यो./9-8-14-2आ.न.यो.(बजट)/2014 दिनांक 18.2.2014	30.00	15.00	15.00
8	न.पं. रसूलाबाद, जनपद-कानपुर देहात	56/236आ.न.यो./9-8-14-2आ.न.यो.(बजट)/2014 दिनांक 18.2.2014	30.00	15.00	15.00
		योग-	308.00	154.00	154.00

(रूपये एक करोड़ चौवन लाख मात्र)

2. उक्त् पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत आयोजनागत लेखाशीर्षक-"2217-शहरी विकास-03-छोटे तथा मध्यम श्रेणी के नगरों का समेकित विकास-193-नगर पंचायतों/अधिसूचित क्षेत्र समितियों या उसके समतुल्य निकायों को सहायता-04-उत्तर प्रदेश व्यापार विकास निधि से व्यय-01- आदर्श नगर विकास योजना-35-पूंजीगत परिसम्पतियों के सृजन हेतु अनुदान" के नामे डाला जायेगा।

3. सम्बन्धित नगर पंचायतों द्वारा चालू कार्यो हेतु स्वीकृत की गयी उक्त धनराशि का बिल सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी को प्रतिहस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया जायेगा, जो उसे प्रतिहस्ताक्षरित कर कोषागार को अग्रसारित करेंगे एवं कोषाधिकारी द्वारा स्वीकृत धनराशि सम्बन्धित नगर पंचायत के आदर्श नगर योजना के अन्तर्गत खोले गये खाते में धनराशि स्थानान्तरित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

4. सम्बन्धित नगर पंचायतों को आदर्श नगर योजना के अन्तर्गत पूर्व में जारी की गयी वित्तीय स्वीकृतियों से सम्बन्धित स्तम्ब 03 में उल्लिखित शासनादेशों की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

5. यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय

(उमा शंकर सिंह)
उप सचिव।

संख्या-302/2470(1)आ.न.यो./9-8-14 तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगर विकास विभाग।
3. सम्बन्धित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. सम्बन्धित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. सम्बन्धित कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6. निदेशक, नगरीय निकाय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षक, उत्तर प्रदेश्, इलाहाबाद।
9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8 एवं 9/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, 2
10. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सेल को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।

http://shasanadesh.up.nic.in

आज्ञा से,

(उमा शंकर सिंह)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in